# 11 वर्ष में रेलवे की बड़ी उपलब्धि

**42,600** एलएचबी कोचों का निर्माण | **3,590** कोचों की इस साल बढ़ोतरी

**नई दिल्ली, 14 दिसंबर. भारतीय रेलवे ने लिंके हॉफमैन बुश (एलएचबी) कोचों के उत्पादन में लगातार प्रगति की है, जिन्हें यात्रियों के लिए बेहतर सुरक्षा, बेहतर यात्रा आराम और बेहतर परिचालन प्रदर्शन प्रदान करने के लिए डिजाइन किया.**

रेलवे की तरफ से जारी आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार 2014 और 2025 के बीच, 42,600 से अधिक एलएचबी कोचों का विनिर्माण किया, जो 2004 और 2014 के बीच निर्मित 2,300 कोचों की तुलना में 18 गुना अधिक है. चालू वित्त वर्ष 2025-26 (नवंबर 2025 तक) के दौरान



कुल 4,224 से अधिक एलएचबी कोचों का विनिर्माण किया गया है. यह पिछले वर्ष की इसी अवधि में उत्पादित 3,590 कोचों की तुलना में 18 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्शाता है. उत्पादन में यह वृद्धि रेलवे इकाइयों में विनिर्माण क्षमता के निरंतर सुदृढ़ीकरण और बेहतर उत्पादन नियोजन को प्रदर्शित करती है.

### ब्रॉडगेज नेटवर्क का 99 .2 प्रतिशत विद्युतीकरण पूरा

भारतीय रेलवे का महत्वाकांक्षी रेल विद्युतीकरण अभियान अब अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है. रेल मंत्रालय की ओर से जारी आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, देश के ब्रॉडगेज रेलवे नेटवर्क की 99 प्रतिशत से अधिक लाइनें अब बिजली से संचालित हो चुकी हैं और शेष बचे हिस्से का कार्य भी जल्द पूरा कर लिया जाएगा. रेलवे ने वर्ष 2019 से 2025 के बीच करीब 33,000 किलोमीटर से अधिक रेल मार्गों का विद्युतीकरण किया है. इस अवधि में औसतन प्रतिदिन 15 किलोमीटर से अधिक रेल लाइन को बिजली से जोड़ा गया. मंत्रालय के अनुसार, यह दूरी लगभग जर्मनी के संपूर्ण रेलवे नेटवर्क के बराबर है, जो इस अभियान की व्यापकता और गति को दर्शाता है. वर्तमान में भारत के 25 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 99 .2 प्रतिशत ब्रॉडगेज रेल मार्ग विद्युतीकृत हो चुके हैं. दुनिया के सबसे बड़े और व्यस्त रेलवे नेटवर्क में से एक होने के बावजूद, इतनी बड़ी उपलब्धि हासिल करना भारतीय रेलवे के लिए एक ऐतिहासिक सफलता मानी जा रही है. विद्युतीकरण से रेलवे को कई स्तरों पर लाभ मिला है. डीजल पर निर्भरता घटने से पर्यावरण प्रदूषण और कार्बन उत्सर्जन में उल्लेखनीय कमी आई है. साथ ही परिचालन लागत कम हुई है, ट्रेनों की गति बढ़ी है और समय पालन में सुधार हुआ है. बिजली से चलने वाली ट्रेनें अधिक विश्वसनीय होती हैं और उनके रखरखाव की लागत भी कम होती है.

# मुंबई की सड़कें धोईं, खजाना नहीं लूटा

## शिंदे ने किया उद्धव पर तीखा हमला

**नागपुर, 14 दिसंबर. महाराष्ट्र विधानसभा के शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे पर हमला बोला.**

उन्होंने आरोप लगाया कि कोविड काल और मिठी नदी की सफाई के दौरान बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ और कहा, हमने मुंबई की सड़कों को धोया, लेकिन उसके खजाने को कभी नहीं लूटा. शिंदे ने उद्धव ठाकरे पर कटाक्ष करते हुए उन्हें रहमान डाकू तक कह डाला और दावा किया कि महायुति सरकार ऐसी ताकतों से निपटने के लिए पूरी तरह मजबूत है. उन्होंने कहा कि महायुति की सभी योजनाएं गेम चेंजर साबित होंगी और आगामी नगरपालिका चुनावों में गठबंधन



की जीत तय है. अपनी वैधता पर उठते सवालों पर जवाब देते हुए शिंदे ने कहा कि उन्हें मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री दोनों पदों पर रहते हुए असंवैधानिक कहा गया, लेकिन जनता के लिए काम कभी नहीं रुका. उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को यह स्वीकार नहीं हो रहा कि एक साधारण परिवार से आने वाला व्यक्ति इस मुकाम तक पहुंचा है.

> मुंबई के विकास को लेकर शिंदे ने कई अहम परियोजनाओं का जिक्र किया. इनमें वर्सोवा-भायंदर कोस्टल रोड, बीकेसी से नवी मुंबई एयरपोर्ट तक अंडरग्राउंड टनल, पॉड टैक्सी परियोजना और विरार-वाधवन सड़क विकास शामिल हैं. उन्होंने दावा किया कि अब मुंबई में काला पानी समुद्र में नहीं जाएगा और पर्यावरणीय व राजनीतिक प्रदूषण दोनों खत्म होंगे. उन्होंने कहा कि मुंबई छोड़कर गए लोगों को वापस लाने के प्रयास किए जा रहे हैं और दोहराया कि मुंबई को महाराष्ट्र से कोई अलग नहीं कर सकता.

## हज के लिए समय पर करें आवेदन

**नई दिल्ली.** हज-2026 की तैयारियों को लेकर केंद्र सरकार ने भारतीय तीर्थयात्रियों के लिए अहम सर्कुलर जारी किया है. केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने हज पर जाने के इच्छुक लोगों से अपील की है कि वे आवेदन और बुकिंग प्रक्रिया में किसी भी तरह की देरी न करें. सरकार का कहना है कि समय पर बुकिंग न होने पर अंतिम समय में यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है. मुसलमानों के लिए केंद्र सरकार ने स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए हैं. अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा जारी सर्कुलर के मुताबिक, सऊदी अरब के हज एवं उमराह मंत्रालय ने हज के लिए सेवा अनुबंधों को अंतिम रूप देने की अंतिम तिथि 1 फरवरी 2026 तय की है.

# हॉर्नबिल महोत्सव सांस्कृतिक समृद्धि

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की महोत्सव की सराहना

**नई दिल्ली 14 दिसंबर. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नागालैंड के हॉर्नबिल महोत्सव की सराहना की है और इसे भारत की सांस्कृतिक समृद्धि तथा जनजातीय विरासत की चिरस्थायी जीवंतता का सशक्त प्रतीक बताया है.**

पीएम मोदी ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा एक अखबार में हॉर्नबिल महोत्सव को लेकर लिखे गये लेख को साझा किया है और इसकी प्रशंसा करते हुए इसे भारत की सांस्कृतिक समृद्धि तथा जनजातीय विरासत की चिरस्थायी जीवंतता का एक



शक्तिशाली प्रतीक बताया है. उन्होंने कहा कि आज पूर्वोत्तर एक नये, आत्मविश्वासी भारत का चेहरा प्रस्तुत करता है. नागालैंड की अनूठी सांस्कृतिक पहचान की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह राज्य केवल एक महोत्सव की मेजबानी नहीं करता, बल्कि स्वयं में एक उत्सव का प्रतीक है, जो त्योहारों की भूमि के गौरवशाली नाम को सही सिद्ध करता है.

> श्री सिंधिया ने एक अंग्रेजी अखबार में नागालैंड के हॉर्नबिल महोत्सव में पूर्वोत्तर की झलकियां नाम से एक लेख लिखा है, जिसे पीएम मोदी ने एक्स पर साझा किया है. पीएम मोदी ने लिखा कि नागालैंड का हॉर्नबिल महोत्सव मानवीय भावना के विविध रंग और प्राचीन तथा आधुनिकता के अद्भुत समन्वय के रूप में चित्रित करता है. उन्होंने कहा, जब हमारा पूर्वोत्तर प्रकाशमान होगा, तभी समूचा राष्ट्र उन्नति की ऊंचाइयों को छूएगा. नागालैंड की समृद्ध संस्कृति और जीवन शैली को प्रस्तुत करने वाला यह महोत्सव नागालैंड की लड़ाकू जनजातियों का सबसे बड़ा उत्सव है.

# सिरप तस्करी पर ईडी का छापा

### 25 ठिकानों पर कार्रवाई, कई दस्तावेज जब्त

**नई दिल्ली, 14 दिसंबर. प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कोडीन युक्त कफ सिरप के गैर-कानूनी व्यापार और दुरुपयोग के मामले में बड़े पैमाने पर कार्रवाई करते हुए देश के कई शहरों में तलाशी अभियान चलाया है.**

ईडी के लखनऊ क्षेत्रीय कार्यालय ने उत्तर प्रदेश, झारखंड और गुजरात समेत छह राज्यों में एक साथ छापेमारी की. प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कोडीन युक्त कफ सिरप के गैर-कानूनी व्यापार और इसके दुरुपयोग के सिलसिले में कई जगहों पर तलाशी अभियान चलाया है. ईडी के लखनऊ क्षेत्रीय कार्यालय ने रविवार को कहा कि उसने लखनऊ, वाराणसी, जौनपुर, सहारनपुर, रांची और अहमदाबाद में आरोपियों और उनके साथियों के घरों और कार्यालयों समेत 25 जगहों पर तलाशी ली है.

ईडी ने उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट, भारतीय दंड संहिता और दूसरे लागू कानूनों की संबंधित धाराओं के तहत दर्ज 30 प्राथमिकियों के आधार पर अपनी जांच शुरू की. इन प्राथमिकी में कई स्तरीय वाले संगठित आपराधिक गिरोहों के होने का आरोप लगाया गया था जो कानूनी प्रक्रिया का घोर उल्लंघन करते हुए कोडीन युक्त कफ सिरप की गैर-कानूनी खरीद, स्टोरेज, दुरुपयोग और बिक्री में शामिल था.

# सीएम कार्यालय जाने वाली सड़कें खराब

### गोवा की टूटी सड़क पर केजरीवाल का हमला

**नई दिल्ली/पणजी, 14 दिसंबर. दिल्ली और गोवा में राजनीति की गर्मागर्म बहस में आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दोहरे हमले किए.**

पहले दिल्ली में प्रदूषण पर बयान देने वाली वर्तमान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की टिप्पणियों पर उन्होंने तीखा पलटवार किया. रेखा गुप्ता ने विपश्यना साधना को लेकर कहा था कि केजरीवाल हर छह महीने इसमें भाग जाते हैं, जबकि वे दिल्ली में रहकर समाधान निकाल रहे हैं. केजरीवाल ने इसे राजनीतिक वैर बताते हुए, विपश्यना साधना का



मजाक उड़ाने को अनुचित बताया और कहा कि यह अभ्यास शांति और अनुभव प्रदान करता है, इसे 'भागना' नहीं कहा जा सकता. साथ ही केजरीवाल ने गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत पर भी हमला बोला. उन्होंने गोवा की मुख्य सड़क की खराब स्थिति पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि मुख्यमंत्री कार्यालय तक जाने वाली सड़कें ही ठीक नहीं हैं, तो आम नागरिकों के लिए सड़कें कैसे सुरक्षित रहेंगी.

> केजरीवाल का यह हमला न केवल राजनीतिक बयानबाजी, बल्कि नागरिक सुविधाओं और प्रशासनिक जवाबदेही पर भी जोर देता है. आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली और गोवा दोनों जगहों पर राजनीतिक हमले की झड़ी लगा दी है. दिल्ली में उन्होंने वर्तमान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के उस बयान पर तीखा पलटवार किया, जिसमें उन्होंने केजरीवाल की हर छह महीने विपश्यना यात्रा को लेकर तंज कसा था. रेखा गुप्ता ने कहा था कि वह दिल्ली में रहकर प्रदूषण की समस्या का समाधान निकाल रहे हैं.

## एक नजर में



### जर्मनी क्रिसमस मार्केट हमला साजिश नाकाम

**बर्लिन, 14 दिसंबर.** दक्षिणी जर्मनी में एक क्रिसमस मार्केट पर हमले की साज़िश रचने के शक में पांच संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है. स्थानीय पुलिस और अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी. स्थानीय पुलिस, म्यूनिख लोक महा-अभियोजक के कार्यालय और आतंकवाद एवं चरमपंथ के खिलाफ बवेरिया केंद्रीय कार्यालय ने एक संयुक्त बयान में कहा कि संदिग्धों में एक मिस्र का, एक सीरिया का और तीन मोरक्को के नागरिक शामिल हैं. बयान में कहा गया है कि चार लोगों के लिए औपचारिक गिरफ्तारी वारंट जारी किए गए हैं, जबकि पांचवें को निवारक हिरासत में रखा गया है. अभियोजक को शक है कि यह हमला इस्लामिक चरमपंथ से संबंधित है, जिसे कथित तौर पर एक वाहन का इस्तेमाल करके अंजाम दिया जाना था.

### बोंडी बीच पर हानुका जश्न के दौरान हमला

**सिडनी, 14 दिसंबर.** ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने न्यू साउथ वेल्स की राजधानी सिडनी के बोंडी बीच पर हानुका जश्न के दौरान हुए आतंकवादी हमले को यहूदी-विरोधी भावना की शैतानी हरकत करार देते हुए कहा कि एक ऑस्ट्रेलियाई नागरिक पर हमला पूरे देश पर हमले के बराबर है. उल्लेखनीय है कि बोंडी बीच पर रविवार शाम एक यहूदी त्योहार हनुका के दौरान हुए हमले में एक हमलावर सहित 12 लोगों की मौत हो गयी. इस घटना में दो पुलिसकर्मियों सहित 11 लोग घायल भी हुए हैं. मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हमले के वक्त बीच पर 2000 से ज्यादा लोग मौजूद थे.

### रेलकर्मियों के लिए पेंशन अदालत 15 को

**कोटा, 14 दिसम्बर.** राजस्थान में पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मंडल में रेल पेंशनभोगी कर्मचारियों की पेंशन संबंधी समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से 15 दिसम्बर को पेंशन अदालत का आयोजन किया जाएगा। कोटा मंडल के आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को बताया कि यह पेंशन अदालत पूर्वाह्न 11 बजे मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय स्थित सभागार में आयोजित होगी। पेंशन अदालत की अध्यक्षता मंडल रेल प्रबंधक अनिल कालरा द्वारा की जाएगी। इस दौरान मंडल के विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे, जो पेंशनभोगियों की शिकायतों को सुनकर समाधान सुनिश्चित करेंगे। पेंशनभोगी कर्मचारियों से अनुरोध किया है कि वे अपनी पेंशन से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या के समाधान के लिये पेंशन अदालत में उपस्थित होकर अपनी शिकायत दर्ज कराएं.

# नकली दवाओं के रैकेट का भंडाफोड़

### पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली, 14 दिसंबर. दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा की साइबर सेल ने नकली शेड्यूल-एच दवाओं के निर्माण, रीपैकेजिंग और देशभर में बिक्री में शामिल एक बड़े और संगठित रैकेट का भंडाफोड़ किया.**

इस दौरान 2.3 करोड़ रुपये से ज्यादा की नकली दवाएं और संबंधित सामान बरामद किए गए और दो लोगों को गिरफ्तार किया गया. एक अधिकारी ने यह जानकारी उपलब्ध कराई. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि असली प्रोडक्ट के रूप में बेची जा रही ये नकली दवाएं लोगों की सेहत के



लिए गंभीर खतरा थीं. उन्होंने बताया कि इस मामले में दो आरोपियों गौरव भगत और श्री राम को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने बताया कि जानकारी और निगरानी के आधार पर टीम ने दिल्ली के सदर बाजार के तेलीवाड़ा के एक थोक दवा और कॉस्मेटिक बाजार की दुकान पर छापा मारा और बड़ी मात्रा में नकली शेड्यूल-एच मलहम जब्त किए, जिनमें बेटनोवेट-सी और क्लोप-जी शामिल हैं, जिनका इस्तेमाल आमतौर पर खेल की चोटों और स्किन एलर्जी के लिए किया जाता है. जांच में लोनी के मीरपुर हिंदू गांव में एक विनिर्माण इकाई का पता चला, जहां अधिकारियों ने तैयार नकली दवाएं, कच्चा केमिकल और मशीनरी बरामद की. पुलिस उपायुक्त आदित्य गौतम ने कहा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश के ड्रग निरीक्षकों ने कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ मिलकर पुष्टि की कि दवाएं नकली थीं और न तो असली दवा कंपनियों द्वारा बनाई गई थीं और न ही आपूर्ति की गई थीं. अधिकारियों ने भारतीय न्याय संहिता और ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत पुलिस की अपराध शाखाओं में मामले की प्राथमिकी दर्ज की है.

## आज का इतिहास

- 1749 – शिवाजी महाराज के पोते साहू जी का निधन।
- 1803 – भोंसले और ईस्ट इंडिया कंपनी के बीच हुई देवगांव संधि के तहत उड़ीसा और कटक कंपनी के शासन के अधीन हुए।
- 1950– भारत रत्न से सम्मानित देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल का निधन।
- 1953 – भारत की एस विजयलक्ष्मी पंडित संयुक्त राष्ट्र महासभा के आठवें सत्र की अध्यक्ष चुनी गईं। इस पद वह पहली महिला थीं।



# मेसी दौरे पर मुंबई हाईअलर्ट कोलकाता घटना के बाद एक्शन

**2000** से अधिक पुलिसकर्मी तैनात

### वानखेड़े स्टेडियम में कड़ी तलाशी और सख्त प्रतिबंध

**मुंबई, 14 दिसंबर. दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी के रविवार को होने वाले मुंबई दौरे से पहले शहर को कड़ी सुरक्षा घेरे में रखा गया है. यह कदम उनकी गोट इंडिया टूर 2025 के कोलकाता चरण के दौरान हुई अराजक घटनाओं के मद्देनजर उठाया गया है.**

मुंबई पुलिस ने इस दिग्गज फुटबाल खिलाड़ी के कार्यक्रमों से जुड़े स्थानों को को सुरक्षा देने के लिए दक्षिण मुंबई में 2,000 से अधिक कर्मियों को तैनात किया है. वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि यह व्यवस्थाएँ विश्व कप फाइनल के लिए की गई सुरक्षा के समान हैं. भीड़ की निगरानी के लिए खास जगहों पर अस्थायी वॉचटावर लगाए गए हैं और स्टेडियम क्षेत्रों तक अनधिकृत पहुँच को रोकने के लिए व्यापक बैरिकेडिंग की गई है. सुरक्षा प्रोटोकॉल के हिस्से के रूप में, दर्शकों को स्टेडियम के अंदर पानी की बोतलें, सिक्के, धातु की वस्तुएं और बाहर का खाना ले जाने से रोक दिया गया है. पुलिस ने कहा कि नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रवेश बिंदुओं पर सघन तलाशी प्रक्रिया लागू की जाएगी.

### सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने की सलाह

मेसी का वानखेड़े स्टेडियम में मुख्य कार्यक्रम है. यहां वह बॉलीवुड की और अन्य खेल हस्तियों के साथ प्रदर्शनी फुटबॉल मैच खेलेंगे. भारी भीड़ की आशंका को देखते हुए, मुंबई यातायात पुलिस ने एक विस्तृत परामर्श जारी किया है. भीड़ से बचने के लिए सार्वजनिक परिवहन और स्थानीय ट्रेनों का उपयोग करने की सलाह दी गई है. अधिकारियों ने कहा कि स्टेडियम के अंदर 30,000 से अधिक और बाहर हजारों दर्शकों के जुटने की संभावना है, जिसके मद्देनजर शहर के अधिकारी यह सुनिश्चित करने के लिए हाई अलर्ट पर हैं कि दौरा सुचारू रूप से और बिना किसी अप्रिय घटना के संपन्न हो.

## अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला में 60 से अधिक प्रतिभागी होंगे शामिल

**देहरादून.** उत्तराखंड काउंसिल फॉर साइंस एंड टेक्नोलॉजी (यूकॉस्ट) की ओर से 15 से 19 दिसंबर तक पांच दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला 'सेवेरल कॉम्प्लेक्स वैरिएबल्स' का आयोजन किया जा रहा है. इस कार्यशाला में भारत सहित विभिन्न देशों के 60 से अधिक शोधकर्ता और युवा वैज्ञानिक भाग लेंगे. उत्तराखंड काउंसिल फॉर साइंस एंड टेक्नोलॉजी की ओर से 15 से 19 दिसंबर तक पांच दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला सेवेरल कॉम्प्लेक्स वैरिएबल्स का आयोजन किया जा रहा है. यह कार्यक्रम गणितीय विश्लेषण के एक बहुत महत्वपूर्ण है.

# भारत निष्पक्ष चुनावों का पक्षधर

### भारत ने बंगलादेश के आरोपों को खारिज किया

**नई दिल्ली 14 दिसम्बर. भारत ने बंगलादेश सरकार के दावों को खारिज करते हुए रविवार को कहा कि उसने सदैव बंगलादेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष और समावेशी चुनाव का समर्थन किया है और कभी भी भारतीय भूमि का बंगलादेश के हितों के खिलाफ इस्तेमाल नहीं होने दिया है.**

बंगलादेश के आरोपों का जोरदार खंडन करते हुए विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत, बंगलादेश की अंतरिम सरकार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में किए गए दावों को स्पष्ट रूप से खारिज



करता है. मंत्रालय ने कहा, भारत ने बंगलादेश में शांतिपूर्ण माहौल में स्वतंत्र, निष्पक्ष, समावेशी और विश्वसनीय चुनाव कराने के अपने रुख को लगातार दोहराया है. मंत्रालय ने कहा कि भारत ने कभी भी अपनी भूमि का उपयोग बंगलादेश के मित्रवत लोगों के हितों के प्रतिकूल गतिविधियों के लिए नहीं होने दिया है. भारत ने बंगलादेश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की उम्मीद जताते हुए कहा, हम आशा करते हैं कि बंगलादेश की अंतरिम सरकार शांतिपूर्ण चुनाव कराने सहित आंतरिक कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक उपाय करेगी. उल्लेखनीय है कि बंगलादेश की अंतरिम सरकार ने दावा किया है कि वामी लीग के नेता भारत में रहकर बंगलादेश के खिलाफ बयानबाजी कर रहे हैं. बंगलादेश के विदेश मंत्रालय ने ढाका स्थित भारतीय उच्चायुक्त को तलब कर भारत में रह रही पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के बयानों को भड़काऊ बताते हुए इन पर आपत्ति जताई है. बंगलादेश सरकार ने सुश्री हसीना के जल्द प्रत्यर्पण की मांग को भी दोहराया है.

**समारोह** | राष्ट्रपति मुर्मू ने ऊर्जा बचाने वाले नायकों को किया सम्मानित

# ऊर्जा संरक्षण सबसे महत्वपूर्ण संरक्षण

**नई दिल्ली, 14 दिसंबर. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पर यहां विज्ञान भवन में एक समारोह में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार (एनईसीए) 2025 और राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता (एनपीसी) 2025 के विजेताओं को सम्मानित किया.**

समारोह का आयोजन विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी (बीईई) द्वारा किया गया. इस अवसर पर राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि ऊर्जा संरक्षण कोई विकल्प नहीं, बल्कि आज की आवश्यकता है.




केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि भारत वैश्विक ऊर्जा परिवर्तन में अग्रणी भूमिका निभा रहा है और देश ने पेरिस समझौते के तहत निर्धारित लक्ष्य से पाँच वर्ष पहले ही 50 प्रतिशत स्थापित क्षमता गैर-जीवाश्म स्रोतों से प्राप्त कर ली है. उन्होंने पीएटी योजना, एडीईईटीआईई जैसी बीईई की पहलों को ऊर्जा दक्षता की रीढ़ बताया. ऊर्जा संरक्षण दिवस 2025 ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि ऊर्जा संरक्षण तकनीक, नीति और जनभागीदारी का संगम है.

> उद्योगों, संस्थानों, नवप्रवर्तकों और विद्यार्थियों—सभी के प्रयास मिलकर भारत को हरित, आत्मनिर्भर और सतत भविष्य की ओर ले जा रहे हैं. यह सम्मान न केवल उपलब्धियों की पहचान है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा भी है. समारोह में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार (एनईसीए) 2025 के तहत उद्योग क्षेत्र के रसायन श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिये कम्यूनिशन्स इंडिया लिमिटेड (पुणे) को पुरस्कृत किया और ट्रांसपेक इंडस्ट्री लिमिटेड को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया.

## विधायक डांगा को कारण बताओ नोटिस

**जयपुर.** राजस्थान में भाजपा ने नागौर जिले की खींवसर विधानसभा से विधायक रेवतराम डांगा को कारण बताओ नोटिस जारी किया है. यह नोटिस विकास कार्यों की अनुशंसा के बदले कमीशन लेने से जुड़ी खबर प्रकाशित होने के बाद जारी किया गया है. भाजपा का कहना है कि पार्टी अनुशासन सर्वोपरि है और आरोपों की गंभीरता को देखते हुए विधायक से जवाब तलब किया गया है. भाजप पार्टी के नागौर जिले के खींवसर विधायक रेवतराम डांगा को उनके द्वारा विकास कार्यों की अनुशंसा के लिए कमीशन के संबंध में छपी खबर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ नोटिस जारी किया है.

# मुख्य न्यायाधीश का बीएसएफ जवानों से संवाद

### न्यायाधीश सूर्यकान्त का अंतरराष्ट्रीय सीमा पर निरीक्षण

**जैसलमेर, 14 दिसम्बर. उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकान्त ने देश की पश्चिमी सीमा पर तैनात जवानों के साहस और कर्तव्यनिष्ठा को नजदीक से देखा.**

जैसलमेर के दो दिवसीय प्रवास के दौरान उन्होंने भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा का दौरा कर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों और महिला प्रहरियों का उत्साहवर्धन किया. उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकान्त ने दो दिवसीय जैसलमेर प्रवास के दौरान शनिवार को भारत-



पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा का दौरा किया. इस अवसर पर सीमांत मुख्यालय जोधपुर के महानिरीक्षक एम एल गर्ग ने उनका गर्मजोशी से अभिनंदन किया. इस अवसर पर क्षेत्रीय मुख्यालय, जैसलमेर-(उत्तर) के उप महानिरीक्षक जतिंदर सिंह बिन्जी, समादेष्टा नीरज शर्मा एवं अन्य अधिकारियो सहित सीमा सुरक्षा बल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे.

> सूर्यकान्त ने मंदिर परिसर में स्थित विजय स्तम्भ पर पुष्पचक्र अर्पित करके राष्ट्र के लिए बलिदान देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की. इसके उपरांत सीमा सुरक्षा बल की विशेष गार्ड टुकड़ी द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया. उन्होंने तनोट माता के दर्शन करके विधिवत पूजा-अर्चना की और देश की सुख-समृद्धि एवं सुरक्षा के लिए प्रार्थना की. उन्होंने भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित सीमा चौकी का दौरा किया. उन्होंने वहाँ तैनात सीमा सुरक्षा बल के जवानों और महिला प्रहरियों से संवाद करके उनकी कार्य-परिस्थितियों की जानकारी ली.